मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा




वर्ष - 10 ■ अंक - 27 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 27 मार्च से 02 अप्रैल 2023 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये

## हाईकोर्ट ने मनपा को लगाई जबरदस्त फटकार



**मुंबई,** महानगर मुंबई में पैदल चलनेवालों के अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करते हुए मुंबई हाईकोर्ट ने मनपा को जबरदस्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने मनपा को साफ शब्दों में निर्देश दिया है कि बांद्रा-पूर्व के रहनेवाले लोगों को जल्द से जल्द स्काईवॉक उपलब्ध कराएं। हाईकोर्ट ने सवाल किया कि फुटपाथ नहीं होने की स्थिति में लोग वैष्ठसे और कहां पर पैदल चलेंगे?

बांद्रा-पूर्व में वर्ष २००८-०९ में एमएमआरडीए ने स्काईवॉक बनाया था। मुंबई का यह पहला स्काईवॉक था। यह बांद्रा स्टेशन से कलानगर चौक तक बनाया गया था। शुरू में लोगों ने इसका जमकर उपयोग किया। लेकिन बाद में इसकी जर्जर हालत के चलते लोगों ने नीचे से चलना शुरू किया। किंतु पिछले कुछ वर्षों से इस स्काईवॉक को मनपा ने तोड़ दिया है और नीचे फुटपाथ पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। तमाम अतिक्रमण और अवैध कब्जे के चलते लोग ठीक से फुटपाथ पर चल नहीं सकते हैं, जिसे लेकर कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। जिस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह फटकार लगाई है।

कोर्ट ने मनपा को बांद्रा-पूर्व में एक स्काईवॉक बनाने का तत्काल निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि सुरक्षित फुटपाथ की अनुपस्थिति के कारण होनेवाली किसी भी अप्रिय दुर्घटना की रिपोर्ट नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। ऐसे में मनपा यहां होनेवाली अप्रिय घटना के लिए जिम्मेदार मानी जाएगी।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आर. एन. लड्ढा की खंडपीठ ने मनपा को कड़े शब्दों में सुनाते हुए कहा कि सुरक्षित फुटपाथ की अनुपलब्धता के कारण होने वाली किसी भी शारीरिक चोट या मृत्यु को नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना जाएगा। इसलिए इस तरह की बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना मनपा का सार्वजनिक कर्तव्य और पूर्ण दायित्व है। कोर्ट ने कहा कि मनपा को यात्रियों के प्रति अपने दायित्व और जवाबदेही को स्वीकार करना जरूरी है।

## 29 अप्रैल को देश के 200 से ज्यादा शिक्षक 'बीसीआर इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2023' से होंगे सम्मानित

**अजय शास्त्री**

**नई दिल्ली:** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का आगाज हो चुका है, ये तो हर इंसान जानता है कि जब तक बच्चा रोता नहीं तब तक माँ भी दूध नहीं पिलाती, जी हाँ, किसी भी क्षेत्र में जब तक क्रांति का संचार नहीं होता तब तक वह क्षेत्र तरक्की की राह पर नहीं चलता। गौरतलब है कि शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसकी कोई सीमा नहीं है कोई भी किसी भी उम्र में शिक्षा प्राप्त कर सकता है। आपको बता दें कि एक बार फिर 29 अप्रैल 2023 को राष्ट्रिय समाचार पत्र 'बॉलीवुड सिने रिपोर्टर' लेकर आ रहा है 'बीसीआर इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2023'. ये एक ऐसा अवार्ड है जिससे देश के 200 से अधिक शिक्षकों को दिल्ली में एक साथ सम्मानित किया जायेगा, उम्मीद है कि हमारे इस कदम से भारत के शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और वह इस अवार्ड को पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे।

इस अवार्ड से देश के शिक्षकों को चुन-चुन कर सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने अब तक शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उच्चस्तरीय रैंकिंग देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य किया है।

'बीसीआर इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2023' अवार्ड को हांसिल करने के लिए नॉमिनेशन खुले हुए है। नॉमिनेशन के लिए आपको अपना प्रोफाइल हमें ईमेल करना होगा, जिसे हमारी जूरी कमेटी चेक करेगी अगर आप हमारी कमेटी की शर्तों के मुताबिक खरे उतरते है तो आपको 'बीसीआर इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2023' से सम्मानित किया जायेगा।

वरिष्ठ पत्रकार सतबीर पांचाल से बात करते हुए अवार्ड समारोह के आयोजक अजय शास्त्री ने बताया कि यह अवार्ड देश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति




लेकर आएगा, क्योंकि यह अवार्ड शिक्षकों को उत्साहित करने के साथ-साथ जागरूक करने में मदद करेगा और इस प्रतिस्प्रधा में बच्चों का भविष्य संवरना और शिक्षा का स्तर बढ़ना स्वाभाविक है। हमारी ये एक छोटी सी कोशिश शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी क्रांति साबित हो सकती है।

## केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है- चंद्रकांत हंडोरे(पूर्व मंत्री)

**मुंबई :** भारत की आजादी के बाद डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर ने देश को सुचारु रूप से चलाने के लिए भारतीय संविधान बनाया था।लेकिन आज केंद्र की भाजपा सरकार भारतीय संविधान और लोकतंत्र का गला घोंट रही है।



उपरोक्त बातें महाराष्ट्र प्रदेश काँग्रेस के कार्याध्यक्ष और महाराष्ट्र सरकार के पूर्व सामाजिक न्याय राज्य मंत्री चंद्रकांत हंडोरे ने चेंबूर के अमर महल जंक्शन पर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों नेताओं और कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा।उन्होंने अपने भाषण में यह भी कहा कि देश में बढ़ रही कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की लोकप्रियता को दबाने और देश भर में बेतहासा बढ़ रही महंगाई से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार नित्य नये हथकंडे अपना रही है।उदाहरण के लिए हमारे नेता राहुल गाँधी के खिलाफ हो रहा षड्यंत्र पुरा देश देख रहा है।लेकिन देश की जनता इनकी सच्चाई जान गई है।आगामी 2024 के लोक सभा चुनाव में इनके पाप का घड़ा फुटेगा और कांग्रेस अपने पुराने तेवर में वापस लौट कर आयेगी।

प्रदर्शन में प्रदेश प्रतिनिधि गोविंद नायर,राजन भोंसले,दक्षिण मध्य मुंबई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हुकूमराज मेहता,राजेन्द्र माहुलकर,दीपक शिसोदे,किशन मिस्त्री,एन,के कांबले,लक्ष्मण कोठारी,एम टी डेविड,शशिकांत बंसोडे,कैलास अरावडे,पूर्व नगर सेविका संगीता हंडोरे, डॉ सत्तार खान,देविदास बोरसे,किरण गायकवाड़,मुरली पिल्लई,लक्ष्मण कालखेर,नवीन कुमार सिलवंत,सम्भाजी लोखंडे,सैयद जाफर,दामू कुर्मे,यतिन सालवे,सतीश बेलमकर,विनोद नायर,बापू थोरात,मंगल सिंह,सेल्वाराज स्वामी,श्रवण कुमार दुबे,सुरश शर्मा,शिल्पा सतीश बेलमकर,गणेश म्हात्रे,प्रज्योती हंडोरे,वर्षा पारधे,उषा कांबले,किरण आल्टे,पूर्वी पटेल,आशा शिंदे के अलावा कई नेता और कार्यकताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लेकर इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन पर हुकूमराज मेहता ने सभी नेताओं और कार्यकताओं का दिल से आभार व्यक्त किया।

**प्रस्तुतिः-कपिलदेव खरवार**

## टीबी के खात्मे के लिए सामूहिक प्रयास जरुरी: नीरु बिष्ट
## टीबी रोग से लड़ने नर्सिंग के छात्र छात्राओं ने ली शपथ

**बिलासपुर,** छत्तीसगढ़।विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना





एजुकेशन ट्रस्ट) में स्मार्ट एनजीओ व स्माइल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट नर्सिंग एवं एमएलटी के बच्चों ने टीबी से लड़ने की शपथ ली तथा मिलकर स्लोगन भी दोहराया, 'टीबी हारेगा ,देश जीतेगा'।

कार्यक्रम में अरपा रेडियो 90.8 एफएम से मात्रिका साहू ने टीबी रोग से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि टीबी रोग दो प्रकार का होता है। पल्मोनरी टीबी और एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी। पल्मोनरी टीबी फेफड़ों को प्रभावित करता है और एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है। मात्रिका ने विद्यार्थियों से सवाल भी पूछे। उन्होंने 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' स्लोगन के साथ अपनी बात को विराम दिया। इस अवसर पर स्माइल वेलफेयर फाउंडेशन की समाज सेविका नीरू बिष्ट ने बच्चों को ट्यूबरक्लोसिस से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही हम टीबी जैसी बीमारी का खात्मा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस रोग के प्रति जागरूकता जरूरी है और ऐसा कोई मरीज नजर आता है तो तत्काल उसे समीप के अस्पताल में ले जाकर चेक अप कराएं। टीबी रोग के प्रति अब लोगों में जागरूकता आ गई है और ऐसे ही प्रयास रहे तो 2025 तक हम इस रोग से निजात पा जाएंगे। अंत में सभी विद्यार्थियों ने टीबी से लड़ने व इसके खात्मे का प्रण लिया तथा टीबी हारेगा देश जीतेगा नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में संस्था से अध्यक्ष मिंटू अरोरा, सचिव संध्या चंद्रसेन, मनीषा सैमुअल तथा विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## समता हॉकर्स यूनियन के बोर्ड (फलक) का उद्घाटन संपन्न

**मुंबई :** समता हॉकर्स युनियन रजि. सलग्न नेशनल असोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) के बोर्ड (फलक) का उद्घाटन मुंबई कॉंग्रेस कार्याध्यक्ष, मा. आमदार चरणसिंग सप्रा के हाथो से (1) मुलुंड स्टेशन मेन गेट (पश्चिम) पब्लिक ब्रिज के पास (2) जे.एन रोड, आर. एच. बी रोड कॉर्नर कोटक महिंद्रा बँक के पास (3) आर. आर. टी रोड रतनबाई स्कूल के सामने (4) एम.जी रोड जलाराम फरसान के सामने (5) मच्छी मार्केट अमर



नगर मूलुंड पश्चिम पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में प्रफुल्ल म्हात्रे (महासचिव हिन्द मजदूर किसान पंचायत), डा. बाबुलाल सिंह (वरिष्ठ समाजसेवी), डा. सचिन सिंह, डा आर. एम. पाल (महासचिव महाराष्ट्र कांग्रेस, उ. भा. सेल), एड. अमित पाटिल (अध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मूलुंड), विठ्ठल सातपूते (कांग्रेस नेता), उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता शरीफ खान एवं संचालन मंगेश पवार ने किया।

इस अफवसर पर फेरीवालो के नेता सलमा शेख, फिरोज अहमद खान, रामदास सोनावने, एड राजन गजरे, एड. अजहर खान, सुजित विश्वकर्मा, लक्ष्मी शाह, हृदय सिंह, रूखसार खान उपस्थित थे। अतिथियों का सत्कार समता हॉकर्स युनियन, मूलुंड के अध्यक्ष भूषण शेलार, एवं पदाधिकारी राजाराम वीर, रफीक खान, शंकर वजंत्री, ईश्वर जायसवाल, परेश रमानी, परमहंस सिंह, राजकुमार गुप्ता ने किया।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# भ्रष्टाचार पर रोक!

केंद्र सरकार दावा करते नहीं थकती कि उसने भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लगाने में कामयाबी हासिल की है और प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता आई है। मगर ताजा आंकड़ों में हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। भ्रष्टाचार पर काबू पाना इसलिए भी जरूरी माना जाता है कि इसके बिना विकास कार्यों में गति नहीं आ सकती। भ्रष्टाचार के मामले में भारत का स्थान एक बार फिर एशिया में सबसे ऊपर दर्ज किया गया है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक यहां उनतालीस फीसद लोगों को रिश्वत देकर अपना काम कराना पड़ता है। छियालीस प्रतिशत लोगों को प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचने के लिए निजी संपर्कों का सहारा लेना पड़ता है। इस साल यह आंकड़ा पिछले सालों की तुलना में कुछ बढ़ा हुआ ही है। यह तब है जब पिछले छह सालों में भ्रष्टाचार दूर करने का नारा बहुत जोर-शोर से लगता आ रहा है और अनियमितताएं दूर करने, प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने अनेक कड़े उपाय किए हैं। दफ्तरों में समय पर अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमीट्रिक हाजिरी प्रणाली लगाई गई। तमाम दफ्तरों को इंटरनेट के माध्यम से जोड़ा गया और आम लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने, छोटे-मोटे दस्तावेज प्राप्त करने संबंधी अर्जियां देने आदि की आनलाइन व्यवस्था की गई। कई सेवाओं के लिए सरकारी कार्यालयों की खिड़कियों पर कतार लगाने की जरूरत समाप्त कर दी गई। माना गया कि इससे सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आएगी और आम लोगों को अनावश्यक बाबुओं की बेईमानियों का शिकार नहीं होना पड़ेगा। मगर इन सब कुछ के बावजूद अगर रिश्वतखोरी की दर पहले से बढ़ी दर्ज हुई है तो हैरानी स्वाभाविक है। केंद्र सरकार दावा करते नहीं थकती कि उसने भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लगाने में कामयाबी हासिल की है और प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता आई है। मगर ताजा आंकड़ों में हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। भ्रष्टाचार पर काबू पाना इसलिए भी जरूरी माना जाता है कि इसके बिना विकास कार्यों में गति नहीं आ सकती।बाबुओं में रिश्वतखोरी की प्रवृत्ति बनी रहने से अनेक परियोजनाएं बेवजह लटकाई जाती रहती हैं। फिर उनमें रिश्वत का चलन होने से लागत भी बढ़ती रहती है। मगर आर्थिक विकास पर जोर देने और आम लोगों और प्रशासन के बीच की दूरी खत्म करने के दावों के बावजूद अगर रिश्वतखोरी की प्रवृत्ति पर काबू नहीं पाया जा सका है और प्रशासनिक अधिकारियों की जनता से दूरी बढ़ती गई है, तो यह सरकार की विफलता ही कही जाएगी। भारत में रिश्वतखोरी की प्रवृत्ति इस कदर जड़ें जमा चुकी है कि आम लोगों में यह धारणा दृढ़ हो गई है कि बिना रिश्वत के कोई काम हो ही नहीं सकता। अपनी जमीन-जायदाद के दस्तावेजों की नकल लेने जैसे छोटे-मोटे काम भी बिना रिश्वत के नहीं होते। कचहरियों और जिला कार्यालयों में तो अलग-अलग कामों के लिए रिश्वत की दरें तक तय हैं।

इस तरह बहुत सारे लोग अधिकारियों को रिश्वत देकर गैरकानूनी तरीके से अपना काम कराते रहते हैं और वास्तविक हकदारों को उनका हक नहीं मिल पाता। रिश्वतखोरी और जनता से अधिकारियों की दूरी, दोनों आपस में जुड़े हुए हैं। अधिकारियों से लोगों की नजदीकी बढ़ेगी, वे उनकी समस्याएं सीधे सुनने लगेंगे, तो रिश्वत का चक्र टूट जाएगा। एक लोकतांत्रिक देश में इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है कि वहां के नागरिक अपने लोकसेवकों से सीधे न मिल पाएं, उसके लिए उन्हें किसी संपर्क सूत्र की जरूरत पड़े। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे में लोग अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहां तक मिल पाते होंगे। सरकार अगर सचमुच सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने, भ्रष्टाचार पर काबू पाने को लेकर प्रतिबद्ध है, तो उसे नौकरशाही और नागरिकों के बीच की दूरी को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए।

# एपीओ के पद पर पचरांव निवासी मोनिका त्रिपाठी का हुआ चयन!

## सीखड़ क्षेत्र में दौड़ी खुशी की लहर

**मिजार्पुर।** जिले के सीखड विकास खण्ड के अन्तर्गत पचराव गांव सभा निवासी एडवोकेट उमेश



दत्त त्रिपाठी की बेटी मोनिका त्रिपाठी का चयन एपीओ के पद पर होने से गांव एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौडी वहीं पिता उमेश दत्त त्रिपाठी सिविल कोर्ट चुनार में एडवोकेट है मोनिका त्रिपाठी हाईस्कुल वर्ष 2005 में जीआईसी चुनार इंटरमीडिएट की पढ़ाई वर्ष 2007 मे श्री शिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज हासीपुर बी. ए.,एल. एल. बी. वर्ष 2012 में महात्मा गांधी काशी विद्यापोठ वाराणसी एल एलम वर्ष 2016, काशी विद्यापीठ नेट वर्ष 2018 में और राजेश पांडेय कॉलेज आफ लॉ असिस्टेंट प्रोफेसर अंबेडकरनगर सहायक लोक अभियोजन अधिकारी झारखंड लोक सेवा आयोग में चयन हुआ है जिसका रैक 35 है।

बिटिया के दादा का नाम मनुदत्त त्रिपाठी रहा वह बड़े ही मिलनसार रहे, वह वर्ष 1930 से 1945 तक संग्राम पेपर के संचालक एवं संपादक रहे, मुंबई में बिटिया के चयन होने से क्षेत्र की बालिकाओं में इसका असर पड़ेगा।

# सीखड़ गंगा जी के तट पर चल रहा चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ!

**मिजार्पुर।** जिले के सीखड ग्राम में स्थित पतित पावनी मां गंगा के पावन तट पर चार दिवसीय चोबीस



कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ स्वामी भावनंद जी महाराज के कुशल नेतृत्व में 108 नर नारियो द्वारा नगर भ्रमण करते हुए कलश यात्रा निकली गई, तदुपरांत गंगा घाट पर स्थित गायत्री लोक कल्याण योग आश्रम पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आए यज्ञाचार्य के देख रेख में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम सुबह सात बजे से प्रारंभ होकर 11 बजे अपराह्न तक हवन पूजन चलता है सायं 6 बजे से प्रज्ञा पुराण की कथा कथावाचक अनिलेश त्रिपाठी और उनके सहायक रविकांत त्रिपाठी साज पर शिवकुमार एवं धनंजय जी रहे। वहीं यज्ञ संचालक विद्याकान्त शुक्ला, अपने



सहयोगी योगाचार्य राजेश सिंह, ओंकारनाथ पाठक गायत्री परिवार जिला समन्वयक हरिहर सिंह, हरिश्चंद्र आदि लोगों द्वारा किया गया।

यज्ञ में राकेश सिंह एडवोकेट, मनोज सिंह, जितेंद्र सिंह, राहुल सिंह, प्रवीण सिंह, सर्वेश सिंह, गायत्री माता के भक्त गण मन से सहयोग किए। यज्ञ में क्षेत्रीय गणमान्य भक्त गण उपस्थित रहे।





एडवांस स्किल्ड मेकअप कोर्स पूर्ण कर भाभी जी सौ. हेमा गोपालजी लीलड़े नें अपना सर्टिफिकेट प्राप्त किया. आपके सुनहरे भविष्य के लिए हमारे इंस्टिट्यूट और परिवार के और से शुभकामनायें. हर्षल एवं प्रीति पवार गोंदिया..

# सिंगर सोनू निगम के पिता अगम कुमार निगम के घर से 72 लाख रुपये की चोरी

**मुंबई,** गायक सोनू निगम के पिता अगम कुमार निगम के आवास पर 72 लाख रुपये की चोरी होने की खबर सामने आई है। सोनू निगम के पिता को पूर्व ड्राइवर रेहान पर शक है। पिता के बयान के आधार पर पुलिस ने उसके (रेहान) खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुंबई पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है, आरोपी रेहान की तलाश जारी है। अधिकारी ने बताया कि गायक के पिता अगमकुमार निगम अंधेरी पश्चिम के ओशिवारा में विंडसर ग्रैंड बिल्डिंग में रहते हैं और कथित चोरी 19 मार्च से 20 मार्च के बीच हुई।उन्होंने बताया कि सोनू की छोटी बहन निकिता ने बुधवार तड़के कथित चोरी की शिकायत ओशिवारा पुलिस थाने में दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार, अगमकुमार के पास लगभग आठ महीने से रेहान नाम व्यक्ति ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा था। लेकिन हाल ही में उसे हटा दिया गया, क्योंकि उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि रविवार (19 मार्च) दोपहर अगमकुमार दोपहर के भोजन के लिए वसोर्वा इलाके में निकिता के घर गए और कुछ देर बाद लौटे। शाम को उन्होंने अपनी बेटी को फोन कर बताया कि लकड़ी की अलमारी में रखे डिजिटल लॉकर से 40 लाख रुपये गायब हैं। उन्होंने बताया कि अगले दिन अगमकुमार वीजा संबंधी किसी काम से अपने बेटे के घर '7-बंगलों' में गए और शाम को लौटे। उन्होंने लॉकर से और 32 लाख रुपये गायब पाए, जो क्षतिग्रस्त नहीं था। अधिकारी ने बताया कि अगमकुमार और निकिता ने अपनी सोसाइटी के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें उनके पूर्व ड्राइवर रेहान को दोनों दिन बैग लेकर उनके (अगमकुमार के) फ्लैट की ओर जाते हुए दिखाया गया है, जब वह बाहर थे। शिकायत के अनुसार, अगमकुमार को शक है कि रेहान 'डुप्लीकेट चाबी' की मदद से उनके फ्लैट में घुसा और कमरे में डिजिटल लॉकर से 72 रुपये चुरा लिये। अधिकारी ने बताया कि निकिता की शिकायत पर ओशिवारा पुलिस ने चोरी और घर में घुसने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 380, 454 और 457 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने बताया कि जांच जारी है।

# 'बीसीआर इंडियाज बेस्ट 50 एजुकेशनल इंस्टीट्यूट अवार्ड 2022' से सम्मानित होंगे देश के शिक्षण संस्थान - अजय शास्त्री

**नई दिल्ली:** किसी भी क्षेत्र में जब तक क्रांति का संचार नहीं होता तब तक वह क्षेत्र तरक्की की राह पर नहीं चलता। गौरतलब है कि शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसकी कोई सीमा नहीं है कोई भी किसी भी उम्र में शिक्षा प्राप्त कर सकता है जी हाँ, एक बार फिर समाचार पत्र 'बॉलीवुड सिने रिपोर्टर' लेकर आ रहा है 'बीसीआर इंडियाज बेस्ट 50 एजुकेशनल इंस्टीट्यूट अवार्ड 2022'. आपको बता दें कि ये एक ऐसा अवार्ड है जिसे देश के 50 एजुकेशन इंस्टिट्यूट को देकर उन्हें सम्मानित जायेगा, उम्मीद है कि शिक्षण संस्थान इस अवार्ड को पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे।





इस अवार्ड से देश के ऐसे शिक्षण संस्थानों को चुन कर सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने अब तक या 2022 तक शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उच्चस्तरीय रैंकिंग देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य किया है।

इस अवार्ड को हांसिल करने के लिए शिक्षण संस्थानों को अपना नॉमिनेशन करना होगा, नॉमिनेशन के लिए आपको डब्लूडब्लूडब्लूडॉटबीसीआरन्यूज.इन वेबसाइट पर जाकर नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा और साथ ही नॉमिनेशन फॉर्म में दी गई सभी शर्तों को पूरा करना होगा अगर आपने सभी शर्तों को पूरा नहीं किया तो आपका नॉमिनेशन अधूरा माना जायेगा। अवार्ड समारोह के आयोजक अजय शास्त्री के मुताबिक यह अवार्ड देश में शिक्षा की नई क्रांति लेकर आएगा, क्योंकि यह अवार्ड शिक्षकों को जागरूक करने में मदद करेगा और इस प्रतिस्प्रधा में बच्चों का भविष्य संवरना और शिक्षा का स्तर बढ़ना स्वाभाविक है।

# प्यार में डूबा प्रेमी जोड़ा, मुंबई लोकल ट्रेन में रोमांस का वीडियो वायरल

**मुंबई :** हाल ही में मुंबई लोकल ट्रेन में लड़के ने स्कर्ट पहनकर कैटवॉक किया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था। जब कुछ अजीबोगरीब चौंकाने वाली चीजें होती है तो जाहिर सी बात है उसकी चर्चा होती है। जी हां कुछ ऐसा ही वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसे देख हर कोई दंग है। दरअसल ये वायरल वीडियो है मुंबई की लोकल ट्रेन का जिसमें युवक-युवती रोमांस कर रहे है।

जी हां आपने सही पढ़ा, दरअसल मुंबई की लोकल ट्रेन में एक प्रेमी जोड़े का रोमांस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में कई लोग ट्रेन के डिब्बे में सफर करते नजर आ रहे हैं। इसी बीच एक कपल रोमांस में पूरी तरह डूबा हुआ है। साथ ही उनके सामने वाली सीट पर एक युवती युवक की गोद में बैठी मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रही है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रही है। ऐसे में अब सार्वजनिक जगहों पर युवाओं के अभद्र व्यवहार को देखकर नेटिजेंस ने नाराजगी जताई है। बता दें कि मुंबई की




लोकल ट्रेन में एक प्रेमी जोड़ा सफर कर रहा था। ट्रेन में और भी कई यात्री सवार थे। इस तरह एक कपल सबके सामने रोमांस करता नजर आया। वायरल हो रहे इस वीडियो में युवक युवती को गले लगाकर लगातार किस करता नजर आ रहा है। साथ ही इस प्रेमी जोड़े के आगे की सीट पर एक और जोड़ा बैठा है। ऐसे में अब इस वीडियो को लेकर मामला बहुत गरमाया हुआ है। जी हां इस वीडियो के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक, लोकल ट्रेन में प्रेमी युगल का रोमांस मुंबई की लोकल ट्रेन में इस कपल के रोमांस का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। नेटिजन्स सार्वजनिक रूप से रोमांस करने वाले युगल के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**प्रेमी जोड़े की गिरफ्तारी की मांग**

वीडियो को शेयर करते हुए एक ट्विटर यूजर ने लिखा, सांताक्रूज और लोअर पारल के बीच मुंबई लोकल ट्रेन में एक कपल रोमांस कर रहा है। लोग इस वायरल वीडियो पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर इस वीडियो को शेयर किया जा रहा है। मुंबई लोकल ट्रेन का ये वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है। लोग इस वीडियो पर कमेंट कर कपल की गिरफ्तारी की बात कर रहे हैं। अब ऐसे में देखना यह होगा क्या वाकई इस वीडियो को लेकर कुछ कार्रवाई होती है या फिर इसे नजरअंदाज किया जाता है।

## कोरोना मरीजों की संख्या में तीन गुना इजाफा मार्च के तीसरे सप्ताह में मरीजों की संख्या पहुंचीं 2211



**मुंबई:** केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्च के पहले दो हफ्तों में राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या दोगुनी होने की घोषणा के बाद राज्य सरकार ने कई तरह के उपाय करने शुरू कर दिए हैं. लेकिन दूसरे हफ्ते की तुलना में तीसरे हफ्ते में कोरोना मरीजों की संख्या तीन गुना बढ़ी है और मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. 16 से 24 मार्च के बीच राज्य में 2,211 कोरोना मरीज मिले हैं। मार्च की शुरूआत से ही कोरोना मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी है और मार्च के पहले सप्ताह में प्रदेश में 355 कोरोना मरीज मिले, जबकि दूसरे सप्ताह में यह दोगुना हो गया है. प्रदेश में 15 मार्च तक 754 मरीज मिले थे। इसके चलते केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश को अलर्ट रहने का आदेश दिया था. उसके बाद, राज्य सरकार ने तत्काल उपाय करना शुरू कर दिया था। लेकिन उसके बाद देखा गया है कि कोरोना मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है. 16 से 24 मार्च के बीच राज्य में 2,211 कोरोना मरीज मिले हैं। यह वृद्धि मार्च के दूसरे सप्ताह की तुलना में तीन गुना से भी अधिक है। इस दौरान प्रतिदिन मरीजों की संख्या 200 से अधिक है। 22 और 24 मार्च को कोरोना मरीजों की संख्या 300 के आंकड़े को पार कर चुकी है. इससे राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1763 हो गई है. मार्च के पहले 15 दिनों में चार मरीजों की कोरोना से मौत हुई है। मात्रा के बाद 16 से 24 मार्च के बीच नौ दिन में सात लोगों की कोरोना से मौत हुई है। 17 मार्च, 18 मार्च, 21 मार्च और 22 मार्च को क्रमशः एक-एक मरीज की मौत हुई और 24 मार्च को तीन मरीजों की मौत कोरोना वायरस से हुई. मुंबई स्थित इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन की सचिव डॉ भरत जगियासी का कहना है कि कोरोना वैक्सीनेशन को डेढ़ साल हो चुके हैं और ऐसी संभावना है कि शरीर में बनने वाली एंटीबॉडी का असर कम हो गया हो। कोरोना वायरस के नए उपप्रकार के कारण कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ सकती है.

# मुंबई में कपल पर फिर चढ़ा प्यार का बुखार

## बीच सड़क पर किस करते आया नजर, वीडियो वायरल

**मुंबई:** सोशल मीडिया पर एक कपल का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. सोशल मीडिया पर आए दिन कुछ न कुछ वायरल होता है. इसी क्रम में एक कपल का किसिंग वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक कपल एक दूसरे को सड़क किनारे पेड़ के नीचे किस कर रहे हैं. इस वीडियो में देखा जा सकता है कि हल्की बूंदा-बांदी हो रही है. वैसे भी बारिश को प्यार और रोमांस का मौसम माना जाता है. इस मौसम में कपल्स एक दूसरे के और करीब आ जाते हैं. वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि रिमझिम बारिश में प्रेमी जोड़े एक दूसरे को भीगते हुए मस्ती कर रहे हैं.

**हल्की बारिश की फुहार में रोमांस करते दिखे कपल**

ठंडी हवाओं और हल्की



बारिश की फुहार के बीच मुंबई में एक कपल सड़क किनारे जमकर रोमांस करता दिख रहा है. मुंबई के इस वीडियो को सोशल मीडिया पर जमकर देखा जा रहा है. हल्की बारिश के बीच मुंबई का एक कपल रोमांस की दुनिया में डुबा है, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया है. इस कपल को देखा जा सकता है कि हल्की बूंदा-बांदी के बीच एक दूसरे को लिपटकर किस कर रहे हैं.

**सड़क किनारे कपल का इश्क वीडियो वायरल**

दरअसल, मुंबई में एक कपल सड़क किनारे पेड़ के नीचे एक दूसरे को किस कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर कपल का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर अपलोड किया गया है. मुंबई में कपल किसिंग का वीडियो @ViralBaba नाम के एक यूजर ने अपलोड किया है. लोग इस वीडियो को देखने के बाद प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं. एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा है कि क्यों वीडियो बना रहे हो, उन्हीं बारिश में रोमांस करने दो. सोशल मीडिया पर इस वीडियो का खूब चर्चा हो रहा है.

## कांजुरमार्ग में MHADA कॉलोनी में लगी भीषण आग, 5 लोगों का दम घुटने से अस्पताल में भर्ती, फायर ब्रिगेड मौके पर



**मुंबई :** मुंबई में भीषण आग लगने की खबर आ रही है। घटना के बाद इसे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार मुंबई के कांजुरमार्ग के कर्वे नगर में म्हाडा कॉलोनी में आग लगी है। इस घटना में करीब पांच लोग घायल हुए है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर मजूद है आग बुझाने का काम चल रहा है। अनुसार मुंबई के कांजुरमार्ग के कर्वे नगर में म्हाडा कॉलोनी बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर आज आग लग गई। दम घुटने से पांच लोग घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत अब स्थिर है। घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम और भारी संख्या में मुंबई पुलिस मौजूद है।


राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र

**कदम कदम पर**

संरक्षक

**जे.पी. शर्मा**

संपादक

**छोटेलाल शर्मा**

०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक

**अनिल शर्मा**

०९८३३३२९७२१

उप संपादक

**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**

**राजन शर्मा**

आर्थिक सलाहकार

**सतीशचंद्र गुप्ता**

प्रतिनिधि

**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**

**राजेश कुमार शर्मा**

**कानूनी सलाहकार**

**एड. बी.एम. शर्मा**

**एड. आर. आर. शर्मा**

**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**

मो. ९४५२७९१५७०

**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**

**सभी पद अवैतनिक हैं**

व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३


## पगार मांगने पर महिला की बेरहमी से पिटाई!



**पुणे।** जिले में एक महिला को सिर्फ इसलिए प्रताड़ित किया गया क्योंकि उसने अपनी मेहनत का पैसा मालिक से मांगने की हिम्मत दिखा दी। आरोप है कि 42 वर्षीय पीड़ित महिला सफाई कर्मचारी के साथ उसके मालिक के भाई ने छेड़छाड़ की और मारपीट की। पुलिस ने बताया कि जब अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय की पीड़िता ने पिछले तीन महीने का बकाया वेतन मांगा तो आरोपी ने उसे जातिसूचक शब्द कहे और गलियां भी दी। जानकारी के मुताबिक, महिला की शिकायत के आधार पर पुणे के निगडी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। इस मामले में 23 वर्षीय आरोपी अरशद कमाल खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एक अधिकारी ने कहा कि यह घटना अकुर्दी के एक वाणिज्यिक परिसर में हुई, जहां आरोपी युवक का भाई ट्रांसपोर्ट सर्विस चलाता है। पीड़ित महिला उसी दुकान पर सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करती है।

महिला की शिकायत के अनुसार, आरोपी के भाई ने उसे तीन महीने से वेतन नहीं दिया था। घटना के संबंध में एक अधिकारी ने कहा 'पिछले कुछ दिनों से आरोपी ही अपने भाई का काम देख रहा था। जब महिलाने उससे पगार मांगा तो आरोपी ने उसके साथ बहस की और उसके चेहरे पर बेरहमी से मारा। जिससे पीड़िता के चेहरे से काफी खून बहने लगा।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Mrs. Sai Sameer Lad & Mr. Sameer Sudhir Lad has purchased the Flat No.704, 7th Floor, Building No. 04, Shanti Nagar Rahiwasi SRA Co.Operative Housing Society Limited, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai- 400093, of admeasuring area 225 sq.ft. carpet i.e. 270 225 sq.ft. built up constructed on land bearing CTS No. 251,252, 93 part 94 (pt), 95 (pt), 96 (pt), 250 (pt), and 260 (pt), of Village & Taluka - Andheri, District - Mumbai Suburban and applied for the Home Loan to any Financial Institution. Initially the Possession of the said flat premises was given to original allottee / occupant Mr Joseph Mariyan Coutinho vide possession later dated 25th July 2007 together with all rights title intrest, benefits etc as for the terms and condition of agreement with developer measures Vasundhara developers and later Mr Joseph Mariyan Coutinho had sold this flat premises to Mr Bhavesh Shantilal Kamdar by virtue of Sale dead dated 15th March of 2019, Duly registered at Joint Sub - Registrar at Andheri -1 vide document number BDR -1/2699/ 2019 dated 15.03.2019. And now Bhavesh Shantilal Kamdar have sold the same flat premises to my client Mrs. Sai Sameer Lad & Mr. Sameer Sudhir Lad by virtue of Sale dead dated 15th March of 2019, Duly registered at Joint Sub - Registrar at Andheri -7 vide document number BDR -18/4631/ 2023 dated 16.03.2023.

If anybody has any objection, claims, request, dispute or interest regarding the property as mentioned earlier for sale, he may submit his claims, objections, dispute or interest to the undersigned within 15 days from the date of publishing the notice along with the proof. If not such an objection or claim is received within the above mentioned period, the said flat premises would be transferred to my client Mrs. Sai Sameer Lad & Mr. Sameer Sudhir Lad.

Sd/- Priya Ranjeet Singh (Advocate)
Add : A/303, Om Residency, Diva-Shil Road,
Nr. Nirmal Nagari, Diva, Thane, 400612
Mobile no. : +91 91370 76313

## राहुल गांधी के पोस्टर पर चप्पल मारने को लेकर

# विधानसभा में हंगामा!

### कांग्रेसी बोली-BJP विधायकों को करें निलंबित...

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा में शुक्रवार को कांग्रेस सदस्यों ने राहुल गांधी के पोस्टर को कथित तौर पर चप्पल मारने वाले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (BJP)-शिवसेना के विधायकों को निलंबित किए जाने की मांग करते हुए हंगामा किया। सत्तारूढ़ दलों के विधायकों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हिंदुत्व विचारक वी. डी. सावरकर को लेकर की गई कथित टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को महाराष्ट्र विधानमंडल परिसर में उनके पोस्टर पर कथित तौर पर चप्पलें मारी थीं। इस मुद्दे को लेकर सदन की कार्यवाही को तीन बार स्थगित किया गया क्योंकि कांग्रेस और सत्ता पक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी की। बाद में, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि वह प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय नेताओं के बारे में सदस्यों की खातिर मानक संचालन प्रक्रिया (रडढ) और आचार संहिता जारी






करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सावरकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा।

सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नाना पटोले (कांग्रेस) ने मांग की कि राहुल गांधी के पोस्टर को चप्पल मारने वाले सदस्यों को सदन से निलंबित किया जाए। उनकी इस मांग पर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि उन्होंने विधानमंडल परिसर में हुए घटनाक्रम की रिपोर्ट मांगी है और वह वीडियो फुटेज भी हासिल करेंगे। उन्होंने कहा की मुझे वीडियो फुटेज की जांच करने दीजिए और उसके बाद मैं अपना फैसला सुनाऊंगा। मैं न्याय के सिद्धांतों का पालन करूंगा।

**राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी**

नाराज विपक्षी सदस्य आसन के समीप आ गए और राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी की। संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने आसन के समीप आ कर हंगामा कर रहे सदस्यों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में की कुछ टिप्पणी पर आपत्ति जताई। नार्वेकर ने कहा कि उन्होंने जो कहा है, वह सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होगा। सत्ताधारी दलों के सदस्यों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कोई टिप्पणी स्वीकार नहीं करेंगे।

**वीडियो फुटेज देखने के बाद एक्शन लेंगे विधानसभा अध्यक्ष**

इसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी और विपक्ष ने राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी की। हंगामे के कारण सदन को पहले 20 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। उसके बाद कार्यवाही पहले 15 मिनट और उसके बाद फिर 20 मिनट के लिए स्थगित की गई। इसके बाद जब सदन की कार्यवाही फरि से शुरू हुई तो अध्यक्ष ने कल की घटना के संबंध में कहा कि ऐसी घटना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा की इसी प्रकार सदन में की गई कुछ टिप्पणियां भी सही नहीं हैं। उन्होंने कहा की मैं वीडियो फुटेज देखूंगा और उसके बाद उचित कार्रवाई करूंगा।

## दिन दहाड़े 2 लोगों की

# चाकू मार कर हत्या!

### 3 बुरी तरह से हुए जख्मी



**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक शख्स ने दिन दहाड़े दो लोगों की चाकू मार कर हत्या कर दी और तीन लोगों को जख्मी कर दिया. यह घटना दक्षिण मुंबई के ग्रांट रोड के पास एक रिहाइशी इमारत में हुई. यह बिल्डिंग ठीक अप्सरा सिनेमा हॉल के पास है. इस इमारत में एक 54 साल के शख्स ने शुक्रवार (24 मार्च) को कुछ लोगों पर चाकू से हमला कर दिया. यह घटना शाम के साढ़े तीन बजे पार्वती मेंशन नाम की बिल्डिंग में हुई. इस हमले में जख्मी हुए लोगों को तुरंत गिरगांव के एक निजी अस्पताल में एडमिट करवाया गया. इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई. तीन लोगों का उपचार शुरू है. मरने वालों का नाम जयेंद्र और नीला मिस्त्री है. डीबी मार्ग पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है. आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज किया गया है. पुलिस जांच और पूछताछ शुरू है.

**घर वाले छोड़ गए, शक था कि पड़ोसियों ने भड़काया**

पुलिस अधिकारियों ने अब तक जो जानकारियां दी हैं उनके मुताबिक हमला करने वाले ने अपनी बिल्डिंग के 5 लोगों पर हमले किए. उसके परिवार वाले उसे छोड़ कर चले गए थे. वह इस बात से बेहद तनाव में था. उसे शक था कि परिवार वालों को उसके खिलाफ पड़ोसियों ने भड़काया है. इसी गुस्से में वह चाकू लेकर निकल गया और पड़ोसियों पर ताबड़तोड़ हमले करने लगा. इस हमले के बाद तुरंत जख्मी लोगों को पास ही गिरगांव में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया. लेकिन खून बहुत बह जाने की वजह से जयेंद्र और नीला मिस्त्री की मौत हो गई. बाकी तीन लोग भी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं. उनका इलाज शुरू है.

# लव जिहाद के पीछे किसी तरह की साजिश:

## महाराष्ट्र के डिप्टी CM ने कहा- ऐसे मामलों पर सख्त कानून बनाने की जरूरत

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लव जिहाद को साजिश बताया है। उन्होंने गुरुवार को लव जिहाद पर आशंका जाहिर करते हुए कहा कि इसके पीछे किसी साजिश नजर आती है। फडणवीस विधान परिषद में भाजपा नेता गोपीचंद पाडलकर के अटेंशन मोशन का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर सख्त कानून बनाने की जरूरत है। डिप्टी CM राज्य के गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने विधान परिषद में कहा कि ऐसा लगता है कि इस तरह (लव जिहाद) की घटनाओं के पीछे किसी प्रकार की साजिश है। इसे लेकर बहुसंख्यक समाज ने भी कई रैलियां की हैं। हम इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। उनकी मांगों पर संज्ञान लेने की जरूरत है।



फडणवीस ने कहा- लव जिहाद से जुड़े मामलों या शिकायतों की सही संख्या मेरे पास नहीं है। यह केरल में गढ़ा गया एक शब्द है। इसके खिलाफ कानून बनाने के लिए कुछ चुनौतियां हैं। डिप्टी CM ने कहा कि अगर किसी का धार्मिक परिवर्तन होता है, तो IPC की धारा 420 (जो धोखाधड़ी से संबंधित है) लागू होती है, लेकिन उस धारा की डेफिनेशन धर्म परिवर्तन के लिए डिफाइन नहीं है। इसलिए, हमें इसके लिए नए कानून बनाने की जरूरत है। बता दें कि महाराष्ट्र के डिप्टी उट ने पिछले साल दिसंबर में फडणवीस ने पिछले साल दिसंबर में कहा था कि राज्य सरकार अन्य दूसरे राज्यों के लव जिहाद कानूनों की स्टडी की थी और उसके बाद इसके कानून बनाने पर फैसला लेगी। उस वक्त फडणवीस ने विधानसभा में कहा था कि लव जिहाद पर सख्त कानून की मांग की जा रही है।

# पति नहीं रोमांटिक!

## महिला को हुआ देवर से प्यार...



**महाराष्ट्र :** अक्सर कहा जाता है कि जीवन का रथ आगे बढ़ाने के लिए पति-पत्नी ये दो पहिए होते है। ऐसे में पति-पत्नी के रिश्ते में भावनात्मकता और रोमांस महत्वपूर्ण चीजें हैं, ताकि उनमें हमेशा प्यार बना रहे, लेकिन अगर किसी रिश्ते में ये चीजें न हों तो इसके कुछ उलटे परिणाम भी हो सकते हैं। जी हां ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमें पति से नाखुश एक महिला को अपने देवर से प्यार हो जाता है।

**देवर के साथ हुआ प्यार**

आपको बता दें कि मुंबई की एक 32 वर्षीय महिला अपने पति से नाखुश थी और उसे अपने देवर से ही प्यार हो गया। वह अपने देवर के साथ शारीरिक संबंध भी बनाती है।दरअसल मामला यह है कि महिला की मर्जी के बगैर उसकी शादी की गई थी। इस बारे में महिला का कहना है कि शादी के बाद पति हमसे बिल्कुल भी प्यार नहीं करते, बिल्कुल भी रोमांटिक नहीं होते। इसलिए वह अपने देवर के साथ अपने रिश्ते से खुश है।

**महिला पाने शादी से नाखुश**

इस मामले पर जानकारी देते हुए महिला ने कहा कि मेरे माता-पिता ने अपने मनपसंद लड़के को चुनकर मेरी शादी करा दी, लेकिन मैं इस शादी से बिल्कुल भी खुश नहीं हूं। बस लोगों को यह बताने के लिए कि हम पति-पत्नी हैं, हमारे रिश्ते में प्यार और स्नेह जैसा कुछ नहीं है। हमारे बीच कोई रोमांस नहीं है क्योंकि कोई इमोशनल कनेक्शन नहीं है इसलिए मैं इस शादी से बिल्कुल भी खुश नहीं हूं।

**पति की गलती के कारण**

दरअसल मेरी और देवर की आपस में बहुत अच्छी बनती है, हम एक दूसरे के साथ अच्छी केमिस्ट्री शेयर करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम दोनों की कई चीजों में समान प्राथमिकताएं हैं। लेकिन समस्या यह है कि मैंने उसके प्रति आकर्षण विकसित कर लिया है। साथ समय बिताने के दौरान हम न सिर्फ एक-दूसरे के करीब आए, बल्कि एक बार किस भी किया। मुझे अपने देवर के करीब होने में कुछ भी गलत नहीं दिखता। क्योंकि जो भी हुआ मेरे पति की गलती है।

# सोशल मीडिया पर प्रभावशाली युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश,

## एनआईए ने मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में छापा मारा




**मुंबई :** देश में एनआईए की बड़ी छापेमारी देखने को मिली। गजवा-ए-हिंद मामले में अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए एनआईए ने मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में छापा मारा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को गजवा-ए-हिंद मामले में अपनी जांच के सिलसिले में तीन राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में सात जगहों पर छापेमारी कर बड़ा हमला किया है। एजेंसी ने आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के मामले में यह कार्रवाई की। आरोप है कि हिंदुस्थान में सोशल मीडिया पर प्रभावशाली युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश की जा रही है, जिनमें हिंसा के जरिए हिंदुस्थान फतह की बात का प्रचार किया जा रहा है।

बता दें कि एनआईए ने सोशल मीडिया पर प्रभावशाली युवाओं को देश विरोधी गतिविधियों और कट्टरपंथी बनाने की गतिविधियों में शामिल संदिग्धों के रेजिडेंशियल परिसर की तलाशी ली। एनआईए ने शुरू में पिछले साल २२ जुलाई को बिहार के फुलवारी शरीफ पुलिस स्टेशन में गजवा-ए-हिंद का मामला दर्ज कराया था। फुलवारी शरीफ में की जांचों को लेकर एनआई ने कहा था, 'इस जांच में आरोपी मरगूब अहमद दानिश का पता चला, जो कि खुद कट्टरपंथी है, वह व्हॉट्सऐप ग्रुप 'गजवा-ए-हिंद' बनाकर कई विदेशी संस्थाओं के संपर्क में था।' एनआईए ने इससे पहले कहा था, 'इस ग्रुप में प्रभावशाली युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के नजरिए से कश्मीर में आतंकी कार्रवाइयों और गतिविधियों का महिमामंडन किया जा रहा था। उसने गजवा-ए-हिंद ने बीडी के नाम से एक और व्हॉट्सऐप ग्रुप भी बनाया था और हिंसा के माध्यम से हिंदुस्थान फतह का प्रचार कर रहा था।'

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com